दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

नई दिल्ली। शनिवार 11 अक्टूबर-2025 | वर्ष : 10 अंक : 292 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3




## करवा चौथ की रोशनी में झिलमिलाया करंट क्राइम परिवार

# 11 आपका अपनापन, हमारा गर्व

## वर्षों से रिश्तों और भावनाओं को सहेजने की परम्परा जारी

करवा चौथ सिर्फ एक व्रत नहीं, बल्कि भावनाओं का उत्सव है विश्वास का, समर्पण का और प्रेम के उस अटूट बंधन का जो हर भारतीय घर की आत्मा में बसता हैऔर जब यह पर्व आता है, तो दैनिक करंट क्राइम के पन्ने भी चाँदनी की तरह जगमगाने लगते हैं,क्योंकि आप सब हमारे अपने हैं, हमारे पाठक नहीं, हमारे परिवार हैं। इस साल जब हमने आपसे कहा कि अपने करवा चौथ के यादगार पलों को हमारे साथ साझा करें, तो हर बार की तरह इस बार भी हजारों की संख्या में फोटो और संदेशों ने हमारे ईमेल इनबॉक्स को नहीं, हमारे दिलों को भर दिया। हर तस्वीर में एक कहानी थी कहीं छलनी से झाँकता चाँद और आँखों में झिलमिलाता प्रेम,कहीं पति की हथेली से पिया गया जल और होंठों पर सच्चे आशीर्वाद की मुस्कान,कहीं सास-बहू के संग सजी थाली, तो कहीं बच्चों की शरारतों में छुपा अपनापन।हर तस्वीर में था — जीवन, भाव, रिश्ते और वही जुड़ाव जो करंट क्राइम की पहचान बन चुका है। आज हमें इस बात पर बेहद गर्व और संतोष है कि हम सिर्फ 'खबरें' नहीं छापते,हम 'ज़िंदगी के पल' सहेजते हैं, हम 'रिश्तों की खुशबू' अपने पन्नों में समेटते हैं. यह कोई नई बात नहीं — यह परंपरा हम लगातार पिछले 11 वर्षों से निभाते आ रहे हैं। हर त्योहार पर — चाहे दीपावली की दीए हों, रक्षाबंधन की राखी हो, होली के रंग हों या आज का करवा चौथ, हमने अपने पाठकों की भावनाओं को हमेशा केंद्र में रखा है। क्योंकि हमारे लिए अखबार सिर्फ सूचना का माध्यम नहीं, बल्कि समाज, संस्कृति और परिवार को जोड़ने का सबसे सशक्त सूत्र है। जब संपादकीय टीम ने आज के इस विशेष अंक ( 11 अक्टूबर ) के लिएआपके भेजे हजारों फोटो चुने और उन्हें प्रकाशित किया,तो हर चेहरा, हर मुस्कान, हर सजावट एक नई कहानी बनकर उभरी। उस क्षण हमने महसूस किया कि करंट क्राइम और उसके पाठक अब अलग नहीं बल्कि एक ही धड़कन, एक ही परिवार का हिस्सा हैं। हम आपके इस सहयोग, इस विश्वास और इस प्रेम के लिए हृदय से आभारी हैं। आपकी भावनाएँ हमारे पन्नों पर जीवित हैं — और यही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है। शेष प्राप्त हुए अमूल्य फोटो भी 12 अक्टूबर के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किए जाएंगे।

आपका विश्वास, हमारा संबल।
आपका परिवार, हमारा परिवार।
आपकी भागीदारी ही हमारी ताकत है।

सादर,
टीम करंट क्राइम


नवज्योत रंधावा


अमित पंडित और रीना शर्मा


राजेंद्र नगर के 8 ब्लॉक में महिलाओं ने एकत्रित होकर करवाचौथ की पूजा-अर्चना की और अपने पति की लंबी आयु की कामना की। मुख्य रूप से अनुपमा शर्मा, नीतू शर्मा, ऋतु अरोड़ा, गीता शर्मा, कविता चौहान, नीतू त्यागी, प्रीति, स्वाति शर्मा आदि उपस्थित रहीं।




भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गोयल अपनी धर्मपत्नी के साथ।


मुनेन्द्र और मोनिका




मीनाक्षी भाटी,मधु भाटी,तनु भाटी,प्राची, गोविंदपुरम गाजियाबाद।




सिंगर नरेश रैना, आरती


आंचल लव धर्मपत्नी हिमांशु लव


उदयवीर सिंह अपनी पत्नी के साथ।




अलका शर्मा और योगेश शर्मा


गाजियाबाद के पूर्व एडीएम सिटी गंभीर सिंह अपनी पत्नी के साथ।


भाजपा के पूर्व अध्यक्ष मास्टर अमरदत्त शर्मा अपनी धर्मपत्नी के साथ।

# सुहागिनों ने मनाया करवा चौथ का पर्व

## रहे सलामत मेरा साजन और सजना का आंगन...


रीनू और रिशांत शर्मा


रजत गोयल और शालिनी गोयल


पंकज और अनुराधा




मुनेन्द्र और मोनिका






ज्योति चौधरी


अनुज बंसल


पिंकी त्यागी


शोभा







गौरिश और रूचि


रविता और राजेश


दीपक-मोनिका त्यागी


मधु-राजेश यादव


अंकित सिंघल और खुशबू सिंघल




निधि शर्मा


अमित पंडित और रीना शर्मा


आदि प्रधान-दुर्गेश कुमारी


ज्योति-प्रदीप


राजेंद्र नगर के 8 ब्लॉक में महिलाओं ने एकत्रित होकर करवाचौथ की पूजा-अर्चना की और अपने पति की लंबी आयु की कामना की। मुख्य रूप से अनुपमा शर्मा, नीतू शर्मा, ऋतु अरोड़ा, गीता शर्मा, कविता चौहान, नीतू त्यागी, प्रीति, स्वाति शर्मा आदि उपस्थित रहीं।


शिप्रा रिवेयरा मंदिर में करवा चौथ मनाते हुए मातृ शक्ति।


देवता पुरम मेरठ में करवा चौथ की पूजा करती सुहागन महिलाएं।



दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...



करंट क्राइम ट्वीट का करंट



# बढ़ा हुआ हाउस टैक्स देना है या नहीं सोमवार को आयेगा फैसला

## फैसला आने से पहले आये बोर्ड बैठक के मिनट्स बाहर, प्रशासनिक असहमति के पश्वात भी मा० सदन से सर्वसम्मति से सम्पत्ति करों की दरों में वृद्धि के प्रस्ताव को निरस्त किया गया, अधिकारियों का है ये विचार




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** इस बार दीपावली पर गाजियाबाद की जनता को बढ़े हुए हाउस टैक्स का तोहफा मिलेगा या फिर कुछ प्रतिशत हाउस टैक्स पर वृद्धि वाली राहत, इस पर फैसला जल्द आने वाला है। या यूं कहें कि हाउस टैक्स स्थायी रहेगा या बढ़ेगा, इसका काउटडाउन शुरू हो चुका है। इस रेस में गाजियाबाद के जनप्रतिनिधियों, पार्षदों की जीत होगी या अधिकारियों का पक्ष फतेह हासिल करेगा, इस पर अब ज्यादा सस्पेंस नहीं बचा है। बताया जाता है कि 9 अक्टूबर को नगर निगम और पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी, हिमांशु त्यागी और अनिल स्वामी के वकील के बीच इलाहाबाद हाईकोर्ट जज के सामने काफी लंबी बहस हुई। खास बात ये रही कि यहां बढ़े हुए हाउस टैक्स का विरोध कर रहे पार्षदों के वकील को जज ने काफी गंभीरता से सुना और डिसीजन को रिजर्व करते हुए सोमवार यानी 13 अक्टूबर की तारीख दे दी। अब 13 अक्टूबर को हाउस टैक्स की जंग कौन जीतेगा, इस पर फैसला आयेगा। सूत्र बताते हैं कि पूर्व पार्षद अपनी जीत को लेकर आश्वस्त नजर आ रहे है। वहीं उनके हौंसलों को उस वक्त मजबूती मिली है जब कोर्ट का निर्णय आने से पहले ही वो मिनट्स बाहर आ गये हैं, जिसको पाने की जंग लंबे समय से कई पार्षद लड़ रहे थे। बताया जाता है कि ये मिनट्स न्याय की लड़ाई लड़ रहे पूर्व पार्षदों द्वारा सोमवार को कोर्ट में पेश किये जायेंगे। पार्षदों में मिनट्स मिलने के बाद काफी उत्साह दिखाई दे रहा है। वो इन मिनट्स को आधार बनाकर लगभग खुद को जीत के निकट मानकर चल रहे हैं।

### 30 जुलाई, 2025 की बैठक के मिनट्स के ये शब्द दे रहे हैं पार्षदों को मजबूती

करंट क्राइम। मिनट्स में 7 जनवरी 2023 की बैठक का जिक्र हैं जिसमें बढ़े हुए हाउस टैक्स का विरोध करने वालों में पार्षद राजीव शर्मा और पार्षद गौरव सौलंकी के नाम को दर्शाया गया है। सूत्र बताते हैं कि इसके बाद माह अक्टूबर में आयोजित की गई बैठक का जिक्र है जिसमें टैक्स के प्रस्ताव को निरस्त करने एवं शासन को भेजे जाने का जिक्र है। इसके बाद 7 मार्च 2025 को आयोजित हुई बैठक का जिक्र है, जिसमें सदन का खंडन टैक्स के निर्णय पर दिखाया गया है। इस बात को भी कहा गया है कि अगर टैक्स निरस्त किया जाता है तो कोर्ट में ये केस स्वत: ही समाप्त हो जायेगा। इसके अलावा टैक्स का विरोध करने वालों में मिनट्स में पार्षद प्रवीण कुमार, पार्षद अजीत निगम, पार्षद रवि भाटी, पार्षद हिमांशु शर्मा, पार्षद शिवम शर्मा पार्षद सुधीर कुमार के नाम का भी जिक्र है। इसके अलावा भी कई पार्षदों का नाम शामिल है। वहीं हाउस टैक्स पर फिर एक निर्णय अधिकारियों द्वारा लिखा गया है जिसमें कहा गया है कि प्रशासनिक असहमति के पश्वात भी मा० सदन ने सर्वसम्मति से सम्पत्ति कर की दरों में विधि के प्रस्ताव को निरस्त किया गया। इस लाईन से ये स्पष्ट हो रहा है कि बढ़े हुए हाउस टैक्स पर प्रशासनिक असहमति है। बावजूद इसके सम्पत्ति कर के प्रस्ताव को निरस्त किया गया। फिलहाल अब कोर्ट क्या फैसला लेगा ये तो सोमवार को या कोई भी आने वाली तारीख पर पता चलेगा। मगर मिनट्स प्राप्त होने के बाद ये लड़ाई रोचक हो गई है। वहीं इस मामले में कोर्ट में रिट डालने वाले पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल ने कहा कि जो प्रस्ताव निरस्त हुआ है वो बोर्ड के सदस्यों की सर्वसम्मति से हुआ है। नगर निगम का बोर्ड सदन के सदस्यों के माध्यम से चलता है। ऐसे में इसमें प्रशासनिक असहमति का कोई प्वाईंट ही नहीं बनता है। फिलहाल सूत्रों के अनुसार मिनट्स बाहर आ चुके हैं। इन मिनट्स की पुष्टि दैनिक करंट क्राइम नहीं करता है।

### पार्षद राजेन्द्र त्यागी बोले मेयर-नगर आयुक्त धारा 117(5) के अधीन हैं, हाउस टैक्स का मामला 5.5 लाख घरों से जुड़ा है

करंट क्राइम। हाउस टैक्स के खिलाफ उच्च मुख्यालय में लड़ाई लड़ रहे भाजपा के सीनियर पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी ने कहा कि मिनट्स की में स्पष्ट सामने आ रहा है कि सदन ने हाउस टैक्स के प्रस्ताव को निरस्त किया है। बावजूद इसके जुलाई से लेकर अभी तक क्यों ये मिनट्स उपलब्ध नहीं कराये गये। श्री त्यागी ने कहा कि कोर्ट ने पिछली तारीख पर इस मुद्दे पर एक घंटे की सुनवाई की है। जिससे स्पष्ट होता है कि वो इस मामले को कितना गंभीरता से ले रही है। उन्होंने कहा कि मिनट्स की कॉपी हमने अपने वकील को उपलब्ध करा दी है। अब वो इसे अपने अनुसार कोर्ट में प्रस्तुत करेंगे। हमें उम्मीद है कि न्यायालय का फैसला जनता के पक्ष में आयेगा। मैं बताना चाहता हूं कि धारा 117(5) के अधीन मेयर-नगर आयुक्त दोनों हैं जिसके अनुसार सदन के निर्णय को सर्वमान्यता दी जाती है।

# त्यौहारों को लेकर पुलिस लाइन में हुई दंगा नियंत्रण ड्रिल, डीसीपी लाइन ने किया बारीकी से निरीक्षण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के कानपुर और अयोध्या में हाल में हुई संदिग्ध विस्फोट घटनाओं के बाद प्रदेशभर में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में भी फ्राइडे अलर्ट के तहत रिजर्व पुलिस लाइन में दंगा नियंत्रण (रायट कंट्रोल) ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य आगामी त्यौहारों और किसी भी आपात स्थिति में पुलिस बल की सामूहिक तत्परता, अनुशासन और भीड़ नियंत्रण दक्षता को और मजबूत करना था। ड्रिल के दौरान पुलिसकर्मियों ने एन्टी राइट गन से फायर, टीयर गैस गन, थ्री वे ग्रेनेड, स्टन ग्रेनेड समेत विभिन्न उपकरणों के प्रयोग का अभ्यास किया। साथ ही, वॉटर कैनन, सुरक्षात्मक उपकरणों और आपात स्थिति में घायलों के सुरक्षित निष्कासन की प्रक्रिया का भी प्रदर्शन किया गया।

### डीसीपी और एसीपी रहे लाइन में मौजूद



करंट क्राइम : इस मौके पर डीसीपी लाइन निमिष दशरथ पाटिल, एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव, एसीपी अजय सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। डीसीपी लाइन ने पूरे अभ्यास का बारीकी से निरीक्षण किया और पुलिसकर्मियों की तत्परता, टीमवर्क और अनुशासन की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे अभ्यास न केवल पुलिस बल की वास्तविक प्रतिक्रिया क्षमता को मजबूत करते हैं, बल्कि किसी भी आकस्मिक स्थिति में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में बेहद सहायक सिद्ध होते हैं। डीसीपी ने निर्देश दिया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाएं ताकि पुलिस बल सदैव सतर्क, अनुशासित और दक्ष बना रहे।



### आगामी त्यौहारों पर रहेगा विशेष अलर्ट : पुलिस कमिश्नर

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने कहा है कि पुलिस कमिश्नरेट ने सभी थानों को संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त फोर्स तैनात करने के निर्देश दिए हैं। भीड़भाड़ वाले बाजारों, धार्मिक स्थलों और यातायात मार्गों पर निगरानी बढ़ाई जाएगी। ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से रियल टाइम मॉनिटरिंग की व्यवस्था की जा रही है। इंटेलिजेंस यूनिट को संदिग्ध गतिविधियों पर तत्काल रिपोर्टिंग के निर्देश दिए गए हैं।

# नंदग्राम पिंक बूथ की महिला टीम ने 3 घंटे में खोजी 13 वर्षीय किशोरी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** थाना नंदग्राम पुलिस की पिंक बूथ महिला टीम ने मात्र तीन घंटे में मानसिक रूप से कमजोर 13 वर्षीय किशोरी को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस के अनुसार शुक्रवार को किशोरी घर से कहीं चली गई थी। सूचना मिलते ही एसीपी नंदग्राम उपासना पांडे के नेतृत्व में पिंक बूथ टीम और अन्य पुलिस कर्मियों की विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने स्थानीय लोगों के सहयोग और बीट प्रणाली का उपयोग करते हुए संभावित स्थानों, रेलवे स्टेशन और आसपास के क्षेत्रों में तलाश की। लगातार प्रयासों के 3 घंटे बाद किशोरी को सकुशल बरामद कर परिजनों के पास सौंप दिया गया। बरामदगी के बाद किशोरी ने पुलिस को धन्यवाद दिया। पुलिस का कहना है कि मिशन शक्ति अभियान के तहत यह कार्रवाई बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा को मजबूत करने का हिस्सा है।

# इंदिरापुरम का स्वर्ण जयंती पार्क निगम के लिए बनेगा आय का स्रोत, आमंत्रित की गई निविदा

## इंदिरापुरम में तीव्र गति से हो रहे हैं 100 करोड़ से विकास कार्य – नगर आयुक्त




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम को इंदिरापुरम क्षेत्र गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से हैंडओवर होने के बाद से क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिली है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में नाले और सड़कों के निर्माण जैसे कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। वर्तमान में 100 करोड़ रुपये से अधिक के निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। इसी क्रम में उद्यान विभाग ने इंदिरापुरम के स्वर्ण जयंती पार्क को निगम के लिए आय का स्रोत बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है।

लगभग 1,01,175 वर्ग मीटर में फैला यह भव्य पार्क नीति खंड-2 और 3 के बीच स्थित है। इसमें एमपी थिएटर, नौका विहार, फाउंटेन, आकर्षक झूले, रेस्टोरेंट, स्विमिंग पूल और लगभग 40 दुकानें हैं।

### जल्द बदलेगी इंदिरापुरम की सूरत

करंट क्राइम : गाजियाबाद नगर निगम ने इस पार्क के रखरखाव और आय बढ़ाने के लिए निविदा आमंत्रित की है, जिसकी अंतिम तिथि 25 अक्टूबर निर्धारित की गई है। न्यूनतम बोली राशि 10 लाख रुपये प्रतिमाह रखी गई है। निविदा धारक को पार्क का समुचित संचालन और रखरखाव सुनिश्चित करना होगा। प्रभारी उद्यान डॉ. अनुज ने बताया कि निगम इंदिरापुरम के सभी पार्कों को बेहतर रूप में विकसित करने में जुटा है। स्वर्ण जयंती पार्क के लिए आमंत्रित की गई यह निविदा न केवल निगम को राजस्व देगी बल्कि पार्क के रखरखाव और सुंदरता में भी वृद्धि करेगी।



# डीसीपी ग्रामीण ने पुलिस बल के साथ जाना बाजारों में सुरक्षा व सीसीटीवी का हाल, पैदल गश्त भी हुई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** आगामी त्यौहारों को देखते हुए पुलिस उपायुक्त ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी ने एसीपी अंकुर विहार और एसीपी लोनी के साथ लोनी थानाक्षेत्र के सराफा मार्केट का पैदल निरीक्षण किया। डीसीपी सुरेंद्रनाथ तिवारी ने व्यापारियों और बाजार एसोसिएशन से मिलकर सुरक्षा उपायों पर चर्चा की और ज्वेलरी शॉप, बैंक व बाजारों में कैमरे लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी वारदात को रोकने के लिए पुलिस ने पैदल मार्च, बाजारों में निगरानी और सतर्कता अभियान पहले ही शुरू कर दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह कदम आम जनता और व्यापारियों में सुरक्षा की भावना बढ़ाने तथा त्योहारों के दौरान अप्रिय घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से उठाया गया है।

# करवा चौथ पर महिला सुरक्षा की कमान महिला पुलिसकर्मियों ने संभाली

### - मिशन शक्ति के तहत बाजारों से लेकर सार्वजनिक स्थानों तक रही मुस्तैद





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** करवा चौथ के अवसर पर शुक्रवार को गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में महिला सुरक्षा को लेकर विशेष प्रबंध किए गए। मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिला पुलिसकर्मियों को शहर से लेकर देहात तक प्रमुख बाजारों, मॉल, बस अड्डा, रेलवे स्टेशन और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थलों पर तैनात किया गया।

पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के निर्देश और एसीपी जोन वार अधिकारियों के नेतृत्व में महिला पुलिस कर्मियों ने सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली। इस दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को मिशन शक्ति के हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। वहीं किसी भी प्रकार की घटना या उत्पीड़न की स्थिति में तुरंत शिकायत करने के लिए जागरूक किया। महिला पुलिस कर्मियों की यह तैनाती न केवल सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए थी बल्कि महिलाओं में आत्मविश्वास और सुरक्षा का भाव पैदा करने का भी उद्देश्य रखती थी।

सिटी से लेकर देहात तक सभी थानों के क्षेत्रों में महिला पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी। उन्होंने पैदल गश्त कर बाजारों और पूजा स्थलों का निरीक्षण किया, जिससे करवा चौथ का पर्व शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न हो सका।

# दीपावली पर रंग-बिरंगी लाइटों से जगमगाएगा गाजियाबाद

## प्रमुख मार्ग, चौराहे और गेट होंगे रोशन, नगर निगम ने शुरू की तैयारियां





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** दीपावली महापर्व पर नगर निगम शहर को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाने की तैयारी में जुट गया है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने वरिष्ठ प्रभारी प्रकाश जंग बहादुर यादव, अपर नगर आयुक्त को निर्देश दिए हैं कि शहर के सभी अंधेरे वाले स्थानों को चिन्हित कर वहां तत्काल प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। आयुक्त ने कहा कि स्वच्छता और सुंदरता का पर्व है दीपावली, इसमें व्यापारियों का विशेष सहयोग मिलता है। उन्होंने टीम को सूरज ढलने के बाद मुख्य मार्गों और आंतरिक वार्डों का निरीक्षण कर लाइटिंग व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए।

### अंबेडकर रोड से लेकर कलेक्ट्रेट तक सजेगी रंगीन लाइटें



करंट क्राइम : वरिष्ठ प्रभारी प्रकाश जंग बहादुर यादव ने बताया कि इस वर्ष भी शहर को पिछले वर्ष की तरह आकर्षक ढंग से सजाया जाएगा। अंबेडकर रोड, ठाकुरद्वारा रोड, कलेक्ट्रेट रोड सहित प्रमुख मार्गों पर रंगीन लाइटें और लड़ियां लगाई जाएंगी। वहीं दुर्गा भाभी चौक, मोहन नगर चौक, हिंडन एयरपोर्ट चौक, अटल चौक वसुंधरा, महावीर चौक इंदिरापुरम, नेहरू नगर चौक, हापुड़ चुंगी, प्रताप विहार चौक सहित प्रमुख चौराहों पर विशेष लाइटिंग की जाएगी। साथ ही नगर निगम मुख्यालय और सभी जोनल कार्यालयों को भी आकर्षक रूप से सजाया जाएगा।

### डासना गेट से सिहानी गेट तक दिखेगी सजावट

करंट क्राइम : नगर आयुक्त ने नागरिकों और व्यापारियों से अपील की कि व दीपावली पर शहर की स्वच्छता और सुंदरता बनाए रखने में सहयोग करें। महापौर सुनीता दयाल के निर्देश पर निगम ने डासना गेट, दिल्ली गेट, जवाहर गेट और सिहानी गेट को भी सजाने की योजना बनाई है। प्रकाश प्रभारी आश कुमार ने बताया कि जहां कहीं भी अंधेरा पाया जा रहा है या शिकायतें मिल रही हैं, वहां तुरंत लाइटें लगाई जा रही हैं। टीम रोस्टर के अनुसार वार्डों में निरीक्षण कर कार्रवाई कर रही है।

# नेता जी मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर सपा ने किया हवन व श्रद्धांजलि सभा का आयोजन




सपाईयों ने किया नमन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शुक्रवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय के आरडीसी गाजियाबाद में धरतीपुत्र श्रद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव जी की पुण्यतिथि के अवसर पर शांति पूजन एवं हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजवादी कार्यकताओं ने भाग लेकर नेताजी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसके उपरांत श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें नेताजी के योगदान और विचारों को याद किया गया। कार्यक्रम के बाद समाजवादी साथियों ने शास्त्री नगर स्थित घरौंदा अनाथ आश्रम जाकर जरूरतमंद बच्चों को खाने-पीने की सामग्री एवं अध्ययन सामग्री वितरित की।

### पहले दी श्रद्धांजलि फिर किया याद

करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर धरतीपुत्र स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। नेताओं ने नेताजी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया और उनके बताए सिद्धांतों पर चलने एवं आगामी चुनाव में एकजुट रहने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि सभा के बाद आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने नेताजी के संघर्ष, विचारधारा और कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने की नीति पर प्रकाश डाला।

# गोविंदपुरम के अनाथ आश्रम में बच्चों को बांटा प्यार

करंट क्राइम : नेताजी की पुण्यतिथि पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गोविंदपुरम स्थित घरौंदा अनाथ आश्रम पहुंचकर बच्चों के बीच अध्ययन सामग्री, खाद्य पदार्थ और दैनिक उपयोग की वस्तुएं वितरित कीं। कार्यकर्ताओं ने बच्चों के साथ समय बिताया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का उद्देश्य नेताजी की मानवता और समाज सेवा की भावना को आगे बढ़ाना रहा।

आयोजन में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे जिलाध्यक्ष फैसल हैसेन, महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट, सपा प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग, पूर्व महानगर अध्यक्ष जे.पी. कश्यप, राष्ट्रीय सचिव रमेश प्रजापति, पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद मलिक, सिंकदर यादव अनेक समाजवादी कार्यकर्ता।

## संपादकीय

# दोनों का फायदा

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर भारत आए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। दोनों देशों के बीच व्यापार, शिक्षा और टेक्नोलॉजी में सहयोग बढ़ेगा। एक नया व्यापार समझौता जल्द लागू होगा। इससे दोनों देशों को फायदा होगा। ब्रिटेन के नौ विश्वविद्यालय भारत में कैंपस खोलेंगे। यह यात्रा दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने भारत की यात्रा पर आकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। यह यात्रा जुलाई में पीएम मोदी की ब्रिटेन यात्रा के बाद हुई है, जहां दोनों देशों ने टेक्नोलॉजी, व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और अनुसंधान जैसे कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई है। स्टार्मर, जो उद्योग जगत के बड़े नामों के साथ भारत आए, ने नई दिल्ली के साथ साझेदारी को 'ग्रोथ का लॉन्चपैड' बताया, जबकि पीएम मोदी ने ब्रिटेन को 'स्वाभाविक साझेदार' कहा। यह मुलाकात दो महीने पहले हुए विस्तृत आर्थिक और व्यापार समझौते (उएळअ) को जल्द लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसके लिए एक जॉइंट कमिटी बनाने का ऐलान किया गया है।

इस व्यापार समझौते से दोनों देशों को जबरदस्त फायदा होने की उम्मीद है। ब्रिटेन से भारत आने वाले सामानों पर औसत टैरिफ 15% से घटकर 3% हो जाएगा, वहीं भारत से ब्रिटेन निर्यात होने वाले 99% उत्पादों पर टैरिफ पूरी तरह खत्म हो जाएगा। इस डील से व्यापारियों और उपभोक्ताओं को लाभ होगा, साथ ही रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। वर्तमान में दोनों देशों के बीच लगभग 56 अरब डॉलर का व्यापार है, जिसे 2030 तक दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। यह सहयोग ऐसे समय में हो रहा है जब भारतीय उद्योग, खासकर टेक्सटाइल सेक्टर, अमेरिकी टैरिफ के कारण दबाव में है। आशंका है कि चीन और बांग्लादेश पर कम टैरिफ के कारण भारत के टेक्सटाइल निर्यात में अगले साल 10% तक की गिरावट आ सकती है। ब्रिटेन के साथ हुई यह डील इस संभावित नुकसान को कम करने में मददगार साबित होगी। स्टार्मर के दौरे ने टेक्नोलॉजी, इनोवेशन, शिक्षा, निवेश, स्वास्थ्य और अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग के नए रास्ते खोले हैं। एक बड़ी घोषणा यह है कि ब्रिटेन के 9 विश्वविद्यालय अब भारत में अपने कैंपस खोल सकेंगे। यह उन भारतीय छात्रों के लिए एक बड़ी राहत है जो अमेरिका की वीजा नीतियों के कारण विदेश में पढ़ाई के अवसरों को लेकर चिंतित थे। अपने ही देश में अंतरराष्ट्रीय स्तर की शिक्षा प्राप्त करने के अवसर मिलने से रिसर्च को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी और स्टार्मर दोनों ही इन द्विपक्षीय समझौतों को ऐतिहासिक मान रहे हैं, जिसका मुख्य कारण मौजूदा वैश्विक परिस्थितियां हैं। अमेरिका के बढ़ते दबाव के बीच, इन मुलाकातों ने दोनों देशों को नए विकल्प दिए हैं। ये नए विकल्प उन्हें अमेरिका के साथ बातचीत करते समय एक मजबूत स्थिति प्रदान करेंगे। यह साझेदारी न केवल आर्थिक विकास को गति देगी, बल्कि दोनों देशों के बीच रणनीतिक संबंधों को भी मजबूत करेगी।

# सरकार का कर्ज घटने की उम्मीद, केयरएज रिपोर्ट में राज्यों की फ्रीबीज कल्चर पर जताई गई चिंता

**नई दिल्ली।** केयरएज रेटिंग्स की रिपोर्ट में भारत का कुल सरकारी कर्ज वित्त वर्ष 2031 तक घटकर करीब 77 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2035 तक और कम होकर 71 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। हालांकि इसमें कहा गया कि फ्रीबीज नीतियों के कारण स्थायी रूप से ऊंचा बना राज्य कर्ज भविष्य में चिंता का विषय है। भारत का कुल सरकारी कर्ज आने वाले वर्षों में धीरे-धीरे कम होने की उम्मीद है। केयरएज रेटिंग्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, यह कर्ज वर्तमान में जीडीपी के लगभग 81 प्रतिशत पर है, जो वित्त वर्ष 2031 तक घटकर करीब 77 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2035 तक और कम होकर 71 प्रतिशत तक पहुंच



सकता है। मजबूत जीडीपी और वित्तीय नीतियों का मिला सहारा रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर जहां कई देशों का सरकारी कर्ज बढ़ रहा है, वहीं भारत राजकोषीय स्थिरता के मार्ग पर अग्रसर है। इसका श्रेय लगातार मजबूत जीडीपी वृद्धि दर और केंद्र सरकार की सतर्क वित्तीय नीतियों को दिया गया है। इसमें आगे कहा गया है कि केंद्र के सतत आर्थिक विकास और जीडीपी की वृद्धि दर लगभग 6.5 प्रतिशत रहने से देश के मध्यम अवधि के ऋण समेकन को समर्थन मिलने की उम्मीद है।

### फ्रीबीज नीतियों को लेकर दी गई चेतावनी

हालांकि, रिपोर्ट में यह भी चेतावनी दी है कि भारत का कुल राज्य कर्ज अभी भी ऊंचे स्तर पर बना हुआ है, जो देश की समग्र वित्तीय स्थिरता के लिए जोखिम पैदा कर सकता है। इसमें कहा गया है कि कुछ राज्यों द्वारा मुफ्त योजनाओं के वितरण से राज्य कर्ज में बढ़ोतरी की प्रवृत्ति बनी हुई है। इसमें कहा गया कि फ्रीबीज नीतियों के कारण स्थायी रूप से ऊंचा बना राज्य कर्ज भविष्य में निगरानी योग्य चिंता का विषय है।

### एपीएसी क्षेत्र को लेकर अनुमान

रिपोर्ट में कहा गया है कि एशिया-प्रशांत (अढअउ) क्षेत्र की अर्थव्यवस्थाओं में आने वाले वर्षों में सरकारी कर्ज का रुझान एक जैसा नहीं रहेगा, बल्कि यह विभिन्न दिशाओं में आगे बढ़ेगा। रिपोर्ट के अनुसार, एपीएसी क्षेत्र में घटती महंगाई से केंद्रीय बैंकों को मौद्रिक नीतियों के मोर्चे पर अधिक लचीलापन मिलेगा। इसमें कहा गया है कि महंगाई में कमी और ब्याज दरों में नरमी के साथ, अधिकांश एपीएसी देशों के पास आर्थिक अनिश्चितताओं से निपटने के लिए मौद्रिक नीति का पर्याप्त दायरा होगा।

# भाजपा नेता संजीव चौधरी पर हमला करने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

## पुलिस ने की कार्रवाई

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पिछले माह भाजपा नेता संजीव चौधरी पर हुए हमले के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी अंकुर गुप्ता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी माधुबन बापू धाम थाना पुलिस पूर्व में एसीपी कवि नगर पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपी अंकुर गुप्ता हमले के बाद से फरार था और उसकी तलाश में लगातार दबिश दी जा रही थी। गुरुवार देर शाम पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को शुक्रवार को जेल भेजा जाएगा। इस मामले में पुलिस अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच कर रही है।



## हरे निशान पर बंद हुआ भारतीय शेयर बाजार, सेंसेक्स 328 अंक चढ़ा, निफ्टी 25200 के पार



**नई दिल्ली।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 328.72 अंक उछलकर 82,500.82 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 103.55 अंक की बढ़त के साथ 25,285.35 पर बंद हुआ।
भारतीय बाजार शुक्रवार को हरे निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 328.72 अंक या 0.40 प्रतिशत उछलकर 82,500.82 अंक पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 103.55 अंक या 0.41 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,285.35 पर आ गया।

## ईडी ने पश्चिम बंगाल के मंत्री सुजीत बोस के घर समेत 10 अन्य जगहों पर छापेमारी की

**नई दिल्ली।** केंद्रीय एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कथित नगर पालिका भर्ती घोटाले के सिलसिले में पश्चिम बंगाल के मंत्री सुजीत बोस के आवास और कार्यालयों सहित पश्चिम बंगाल में 11 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। आइए जानते हैं इस मामले में ताजा अपडेट क्या हैं।



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कथित नगर पालिका भर्ती घोटाले के सिलसिले में पश्चिम बंगाल के मंत्री सुजीत बोस के आवास और कार्यालयों सहित पश्चिम बंगाल में 11 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। पश्चिम बंगाल के विधायक और अग्निशमन व आपातकालीन सेवा मंत्री बोस के कार्यालय, कंपनियों और आवासीय परिसरों पर कुछ विशेष जानकारी के आधार पर शुक्रवार सुबह से ही छापेमारी की गई। ईडी ने इससे पहले इस मामले में बोस और पश्चिम बंगाल के विधायक और खाद्य व आपूर्ति मंत्री रथिन घोष के आवासीय परिसरों पर तलाशी ली थी। मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दर्ज प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) के आधार पर शुरू की गई थी। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने भी ईडी की ओर से दायर एक आवेदन पर एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया था। इसमें कहा गया था कि भर्ती घोटाला केवल स्कूल शिक्षकों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि पश्चिम बंगाल की नगर पालिकाओं में विभिन्न पदों की भर्ती तक भी फैला हुआ है। पश्चिम बंगाल स्कूल भर्ती घोटाले की जांच के दौरान नगरपालिका भर्ती घोटाला सामने आया। इस मामले में ईडी ने एक आरोपी अयान सिल के परिसर से नगरपालिकाओं में भर्ती से संबंधित दस्तावेज बरामद किए थे। अप्रैल 2023 में, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सीबीआई को नगरपालिकाओं की भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं की जाँच करने का निर्देश दिया। ईडी और सीबीआई दोनों ही नगर पालिकाओं में कर्मचारियों की भर्ती में अनियमितताओं की जांच कर रही हैं।

# सोने में लंबे समय तक रह सकती है तेजी

**नई दिल्ली।** जेफरीज की रिपोर्ट के अनुसार निवेशकों को सोने की कीमतों में किसी भी तेज गिरावट को अवसर के रूप में देखना चाहिए। रिपोर्ट में बताया गया है कि सोने में उल्लेखनीय तेजी देखी गई है, जो पिछले साल 27.2 प्रतिशत की वृद्धि के बाद अब तक 53.9 प्रतिशत बढ़ा है। इस बीच, अनहेज्ड गोल्ड-माइनिंग इंडेक्स में भी 131.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि पिछले साल इसमें केवल 13.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

### जेफरीज का सुझाव

जेफरीज ने कहा सोने और गोल्ड माइनिंग शेयरों में हालिया तेजी और मीडिया में इसकी बढ़ती चर्चा से निकट भविष्य में मूल्य समायोजन (करेक्शन) का जोखिम बढ़ गया है। हालांकि, फर्म ने दीर्घकालीन दृष्टिकोण सकारात्मक रखा है और निवेशकों को सुझाव दिया है कि वे किसी भी कीमत गिरावट का लाभ उठाएं। गुरुवार को सोने की कीमतें 4,000 डॉलर प्रति औंस से ऊपर पहुंच गईं, जो चल रही तेजी में एक और मील का पत्थर साबित हुआ।

### सोना और ब्याज दरों का संबंध



ऐतिहासिक तौर पर देखा गया है कि डॉलर में सोने का प्रदर्शन वास्तविक ब्याज दरों के स्तर के साथ उल्टा संबंध रखता है। यानी जब वास्तविक ब्याज दरें कम या न के बराबर होती हैं, तो सोने की कीमतें बढ़ने की संभावना ज्यादा होती है, और जब दरें बढ़ती हैं, तो सोने पर दबाव पड़ सकता है।

### केंद्रीय बैंकों की रिकॉर्ड सोने की खरीद

हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022 की तीसरी तिमाही के बाद से केंद्रीय बैंक द्वारा सोने की खरीद के रिकॉर्ड स्तर के बाद यह सहसंबंध काफी कमजोर हो गया है। केंद्रीय बैंक की खरीद में वृद्धि फरवरी 2022 के अंत में रूस के विदेशी मुद्रा भंडार को स्थिर करने के अमेरिका के फैसले की प्रतिक्रिया के रूप में शुरू हुई। तब से, वैश्विक केंद्रीय बैंकों ने रिकॉर्ड मात्रा में सोना खरीदा है, 2022 में 1,080 टन, 2023 में 1,051 टन, 2024 में 1,089 टन और 2025 की पहली छमाही में 415 टन।

### जेफरीज ने सोने की कीमत का तय किया लक्ष्य

जेफरीज के अनुसार, केंद्रीय बैंक की खरीद प्रवृत्ति के निकट भविष्य में समाप्त होने के कोई संकेत नहीं हैं। रिपोर्ट में सोने पर दीर्घकालिक तेजी के रुख की पुष्टि की गई है और अब मूल्य लक्ष्य 6,600 डॉलर प्रति औंस निर्धारित किया गया है।

### कमजोर डॉलर से सोने को मिलेगा सहारा

1980 में सोने की कीमत अमेरिकी प्रति व्यक्ति उपलब्ध आय के 9.9 प्रतिशत के बराबर थी, जो 8,551 अमेरिकी डॉलर थी। अगस्त 2025 तक सोने की कीमत 4,040 डॉलर प्रति औंस थी, जो कि अमेरिका की प्रति व्यक्ति प्रयोज्य आय 67,240 डॉलर का 6.0 प्रतिशत थी। जेफरीज ने कहा कि 9.9 प्रतिशत के समान अनुपात तक पहुंचने के लिए, सोने की कीमत 6,684 डॉलर प्रति औंस तक बढ़नी होगी। फर्म की रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि डॉलर में लगातार गिरावट का अनुमान सोने के लिए इस दीर्घकालिक तेजी के दृष्टिकोण का समर्थन करता है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया में सबसे अधिक चोरी होने वाले खाद्य पदार्थ पनीर है, इसके साथ ही 4% पनीर बेची जाती हैं, जो चोरी हो जाती हैं।
- कुछ वैज्ञानिक मानते हैं कि नियमित रूप से रोक्फोर्ट ब्लू पनीर खाने से लोगों को लंबे समय तक जीवित रहने में मदद मिलती है। उनके अध्ययन से यह सुझाव मिलता है कि पनीर हृदय संबंधी स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है और यह समझा जा सकता है कि फ्रांस की महिलायें दूसरों की तुलना में उनका अब तक का सबसे अधिक जीवनकाल क्यों है! प्राचीन यूनानियों और रोमियों ने पनीर को ललित कला बनाने में पहला स्थान दिया था। बड़े रोमन घरों में भी एक विशेष रसोई थी, जिसे पेरेल कहा जाता था, जिसका इस्तेमाल सिर्फ पनीर बनाने के लिए होता था!
- साल 2014 में पनीर का सबसे बड़ा उपभोक्ता फ्रांस, आइसलैंड, फिनलैंड, डेनमार्क और जर्मनी था औसतन प्रत्येक व्यक्ति ने उस वर्ष 55 किलो पनीर का सेवन किया था।
- आपको जानकर हैरानी होगी की, पनीर को पचाने पर, यह एक ओपिओइड में टूट जाता है। अन्य ओपिओइड जिन्हें आप जानते हैं वे हेरोइन और मॉर्फिन हैं!

## राशिफल

**मेष:** अपना आत्मविश्वास फिर से हासिल करेंगे और पूरे समर्पण के साथ काम में लगे रहेंगे जिससे सकारात्मक विकास होगा। एक से अधिक प्रोजेक्ट में शामिल होंगे।
**वृष:** कार्यक्षेत्र में तरक्की के लिए रहेगा। माता-पिता के साथ आपके संबंध सुधरेंगे। किसी भी कोर्ट केस में फैसला आपके पक्ष में होगा। इससे मन में भी प्रसन्नता बनी रहेगी।
**मिथुन:** आज आपको कुछ अकेलापन महसूस हो सकता है, जिससे आप दुखी भी रहेंगे। कुछ छोटी-छोटी असफलताओं के बावजूद आप अच्छी प्रगति करेंगे।
**कर्क:** दिन उत्तम है जो लोग परीक्षा या प्रतियोगिता के माध्यम से नौकरी की तलाश कर रहे हैं या जो खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं उन्हें अधिक प्रयास करना चाहिए।
**सिंह:** आज आपको परिवार वालों के साथ अधिक से अधिक समय बिताने का मौका मिलेगा। इस राशि के पुस्तक विक्रेता के लिए आज का दिन लाभकारी हो सकता है।
**कन्या:** जीवन में व्यापार और नौकरी के क्षेत्र में बड़ी सफलता अर्जित करके समाज में अपनी पहचान बनाएंगे। बदलाव या नौकरी की तलाश करने वालों को निराशा होगी।
**तुला:** व्यावसायिक उपक्रम लाभ ला सकते हैं। अभिनव सौदे लाभदायक होंगे और मददगार लोग किसी भी मुश्किल पैच के माध्यम से आपकी मदद करेंगे।
**वृश्चिक:** ऑफिस में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। आमदनी में वृद्धि होने की संभावना है। दिन भर तरोताजा महसूस करेंगे। परिवार का माहौल शांतिपूर्ण रहेगा।
**धनु:** संपर्कों का दायरा बढ़ेगा। आप एक दूसरे की भावनाओं को अच्छे से समझ पाएंगे। व्यवसायियों को अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है।
**मकर:** आज बेहतर होगा कि आप अपनी जोखिम लेने की क्षमता पर अंकुश लगाएं, लेकिन जो भी जोखिम आपने पहले ही उठा लिए हैं, उनका उचित प्रतिफल मिलेगा।
**कुंभ:** आज कार्यक्षेत्र में पुरानी पहचान का लाभ मिलेगा. सभी रुके हुए काम आसानी से पूरे होंगे। आज आपका मन अध्यात्म की ओर अधिक रहेगा।
**मीन:** आज आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी। आर्थिक क्षेत्र में प्रयास आपको लाभ दिलाएंगे। पुराना कर्ज चुकाना आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

## चुटकुले

अजय: आपके बेटे की शादी तो तय हो गई थी, फिर टूट कैसे गई?
विजय: क्या बताएं, लड़का तो इंजीनियर है लेकिन उसने फेसबुक पर डाल दिया था, मैं भी चौकीदार।

---

जो धूप में भी न सूखे उसे पसीना कहते हैं...
और जो आधार कार्ड पर भी सुंदर दिखे...
उसे हसीना कहते हैं...

---

एक महाकंजूस अपने बेटे को पीट रहा था...
पड़ोसी- क्यों पीट रहे हो इस मासूम को?
कंजूस- ये और मासूम?
अरे! एक नंबर का शरारती है ये, मैंने इसे 1-1 सीढ़ी छोड़-छोड़ कर चढ़ने को कहा था।
चप्पल कम घिसेगी...
नालायक, 2-2 सीढ़ी छोड़-छोड़ कर चढ़ा पजामा फट गया...




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# सुहागिनों ने मनाया करवा चौथ का पर्व

## रहे सलामत मेरा साजन और सजना का आंगन...



करवा चौथ के शुभ अवसर पर इनरव्हील क्लब ने शिप्रा सन सिटी में पूजा का आयोजन किया और सोसाइटी की महिलाओं ने पूरी श्रद्धा और विश्वास से पूजा की।









देवेन्द्र प्रकाश और ममता





शालू महरौलिया



ममता जीनवाल



हेमा जीनवाल








शर्मिला राठी वैशाली



सोनू भाटी और ललित भाटी



अमित गुर्जर और नीलम नागर



नरेश कुमार सोनाली, विजय नगर



पंकज और अनुराधा



मोनिका हंडाला





बृजेश कुमार





सरिता और विपिन भारद्वाज



अलका शर्मा और योगेश शर्मा



कीर्ति, पुनम और पलक, गाजियाबाद



# राज्य निर्वाचन आयुक्त की अध्यक्षता में मंडल स्तरीय बैठक संपन्न

## पुनरीक्षण कार्य को पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करें : राज्य निर्वाचन आयुक्त

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के राज्य निर्वाचन आयुक्त राज प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन, गौतम बुद्ध नगर के सभागार में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक नामावली वृहद पुनरीक्षण अभियान-2025 की प्रगति की समीक्षा हेतु मंडल स्तरीय बैठक संपन्न हुई। बैठक में संबंधित अधिकारियों ने पंचायत निर्वाचन नामावली के वृहद पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत अब तक की गई कार्यवाही का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया तथा आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की।





### निर्वाचक नामावली की शुद्धता और पारदर्शिता सर्वोपरि : राज्य निर्वाचन आयुक्त

करंट क्राइम। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने समीक्षा के दौरान कहा कि पंचायत चुनाव लोकतंत्र की आधारशिला हैं, इसलिए निर्वाचक नामावली की शुद्धता, पारदर्शिता और समयबद्ध अद्यतनता सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और डुप्लीकेट या अपात्र प्रविष्टियों को नियमानुसार शीघ्रता से हटाया जाए। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर नियुक्त सभी पर्यवेक्षक अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रूप से कार्य करें और क्षेत्रीय सत्यापन की नियमित निगरानी करें। निर्वाचक नामावली के प्रदर्शन, आपत्तियों के निस्तारण और अंतिम प्रकाशन की सभी प्रक्रियाएं निर्धारित समय-सारिणी के अनुरूप पारदर्शी ढंग से संपन्न की जानी चाहिए।

### प्रत्येक जनपद में जिलाधिकारी करें दैनिक समीक्षा : आयोग के निर्देश

करंट क्राइम। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने निर्देश दिया कि सभी जिलाधिकारी अपने-अपने जनपदों में पुनरीक्षण कार्य की दैनिक समीक्षा करें, प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से आयोग को भेजें और किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य अपेक्षित है। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे इस अभियान को पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ संपन्न करें, ताकि आगामी पंचायत चुनाव निष्पक्ष, सुव्यवस्थित और शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित किए जा सकें।

### छह जनपदों के शीर्ष अधिकारी रहे उपस्थित

करंट क्राइम। बैठक में गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़, बागपत और बुलंदशहर जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) तथा मुख्य विकास अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने किया प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला समन्वयक, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (उ०प्र० कौ०वि०मि०), गाजियाबाद ने अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में (एस०एस०डी०एफ० योजना) के अंतर्गत निजी प्रशिक्षण प्रदाता जीवन ज्योति ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट फॉर टेक्नो एज्ड इन्फोसोल्यूशन प्रा० लि० को सेक्टर फूड प्रोसेसिंग में अल्पकालीन कौशल प्रशिक्षण संचालित करने हेतु मिशन मुख्यालय, लखनऊ द्वारा लक्ष्य प्रदान किया गया है।

इसी क्रम में प्रशिक्षण केंद्र 216/1, गिरी मार्केट, कमला देवी हॉस्पिटल, लोनी, गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) का उद्घाटन विधायक नन्द किशोर गुर्जर द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने केंद्र का निरीक्षण किया और कौशल विकास मिशन के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर एवं रोजगारपरक बनाने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की सराहना की।

प्रशिक्षण केंद्र के प्रतिनिधियों ने बताया कि फूड प्रोसेसिंग सेक्टर में स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में स्थानीय गणमान्य नागरिकों, प्रशिक्षुओं एवं मिशन अधिकारियों की उपस्थिति रही।

# एडीएम सिटी की अध्यक्षता में संपन्न हुई खाद्य सुरक्षा की जिला स्तरीय बैठक





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक अपर जिलाधिकारी (सिटी) की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में खाद्य सुरक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान विशेष रूप से स्ट्रीट फूड वेंडर्स के क्लस्टर्स की पहचान कर उन्हें स्वच्छता अपनाने, खाद्य पदार्थों को ढककर रखने एवं खाद्य रंगों का अत्यधिक प्रयोग न करने के लिए जागरूक करने का निर्णय लिया गया। साथ ही मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब 'फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स' के माध्यम से खाद्य पदार्थों की जांच और जन-जागरूकता गतिविधियों को और अधिक प्रभावी ढंग से प्रचारित करने पर बल दिया गया। बैठक में आबकारी विभाग की आवंटित दुकानों के लिए खाद्य सुरक्षा लाइसेंस को 100% कवर करने का भी प्रस्ताव रखा गया, ताकि सभी विक्रेताओं को नियमानुसार पंजीकृत किया जा सके।

बैठक में सहायक आयुक्त (खाद्य) अरविंद कुमार यादव, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशुतोष राय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल से सुशील अरोड़ा, प्रीतम लाल, सतीश अग्रवाल तथा ड्रग एसोसिएशन से राजीव त्यागी सहित उद्योग संगठनों के प्रतिनिधि भी बैठक में शामिल हुए। बैठक में उपस्थित अधिकारियों और संगठनों ने संयुक्त रूप से यह संकल्प लिया कि खाद्य सुरक्षा से जुड़ी सभी गतिविधियों को अधिक पारदर्शी, सुलभ और जनहितकारी बनाया जाएगा।

# जयंत चौधरी की रैली की तैयारियां जोरों पर चौधरी तेजपाल सिंह ने लिया जायजा

**अमरोहा।** राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी की अमरोहा जिले के कस्बा रजकबपूर में 12 अक्टूबर को होने वाली विशाल जनसभा की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। पार्टी इस रैली को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत झोंक रही है।

रैली की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मुरादाबाद मंडल प्रभारी और राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य चौधरी तेजपाल सिंह स्वयं रजकबपूर पहुंचे। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के बाद मीडिया से बात करते हुए चौधरी तेजपाल सिंह ने कहा, रैली की तैयारी मजबूती के साथ चल रही हैं। कार्यकर्ताओं का जोश हाई है और क्षेत्र में लोगों से जनसंपर्क भी किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह रैली ऐतिहासिक होगी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पार्टी की पकड़ को और मजबूत करेगी।





रालोद की यह जनसभा आगामी 2027 के विधानसभा चुनावों को देखते हुए काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है, जिसके जरिए पार्टी अमरोहा जिले की नौगावां सादात और मंडी धनौरा जैसी सीटों पर अपनी सक्रियता बढ़ाना चाहती है।

# मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने की कोशिश 'संविधान पर हमला'

## बार एसोसिएशन गाजियाबाद ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के न्याय कक्ष में हाल ही में एक अधिवक्ता द्वारा कथित तौर पर जूता फेंकने की कोशिश की घटना पर बार एसोसिएशन गाजियाबाद ने गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। एसोसिएशन ने इस संबंध में महामहिम राष्ट्रपति महोदया को एक ज्ञापन भेजा है, जिसमें इस कृत्य को सीधे-सीधे भारतीय संविधान पर हमला और प्रजातंत्र को खत्म करने की साजिश करार दिया गया है।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि पिछले कई वर्षों से कुछ लोग, जिनमें राजनीति से प्रेरित और सांप्रदायिक संगठनों से जुड़े लोग शामिल हैं, एक सुनियोजित षड्यंत्र के तहत भारतीय संविधान को खत्म कर मनुस्मृति को लागू कराना चाहते हैं। एसोसिएशन ने कहा, 06 अक्टूबर 2025 को उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के न्याय कक्ष में सुनवाई के दौरान एक अधिवक्ता (उच्चतम न्यायालय) द्वारा जूता फेंककर मारने की कोशिश करना देश के लिए अशुभ संकेत है। बार एसोसिएशन गाजियाबाद ने इस घृणित दुष्कृत्य की कड़ी निंदा और भर्त्सना की है। ज्ञापन में जम्मू-कश्मीर के लेह-लद्दाख के नेता सोनम वांगचुक के प्रजातांत्रिक आंदोलन को कुचलने के लिए उन्हें बिना कारण बताए भारतीय सुरक्षा अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर जोधपुर जेल भेजे जाने का मुद्दा भी उठाया गया है। बार एसोसिएशन ने इस घृणित दुष्कृत्य को राजद्रोह की श्रेणी में रखा है। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया है कि इतनी गंभीर घटना के बावजूद दिल्ली पुलिस द्वारा आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है, और न ही प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, कानून मंत्री व गृह सचिव द्वारा इस कृत्य की कोई सार्वजनिक निंदा की गई है।

एसोसिएशन ने राष्ट्रपति महोदया से अनुरोध किया है कि भारत सरकार राष्ट्र विरोधी और सांप्रदायिक कृत्यों को रोकने के लिए संसद में अलग से सख्त कानून बनाए। यह ज्ञापन जिलाधिकारी गाजियाबाद के माध्यम से भारत सरकार, नई दिल्ली को प्रेषित किया गया है।

# नोएडा में अब प्रॉपर्टी फजीवाड़े पर लगेगी लगाम

नोएडा। जेवर क्षेत्र में जमीन फजीवाड़े पर लगाम के लिए यीडा ने 3695 दाखिल खारिज यानी किसान से खरीदी गई जमीन को सरकारी दस्तावेजों में अपने नाम पर दर्ज कराया है। 18 गांवों की करीब 441 हेक्टेयर जमीन यीडा के नाम पर दर्ज की गई है। इससे जमीन पर बैंक से ऋण या किसी अन्य को बेचने के मामलों पर रोक लगेगी। यीडा नियोजित विकास के लिए किसानों से सहमति के आधार पर जमीन क्रय करता है या फिर जमीन अधिग्रहण कानून के तहत अधिग्रहण करना है। जमीन क्रय करने के बाद आमतौर पर सरकारी दस्तावेजों में जमीन यीडा के नाम दर्ज करने में लापरवाही बरती जाती है।

# लोहिया नगर में दूषित पानी से कैंसर का खतरा, कई मौतें

## निवासियों ने पार्षद से तत्काल जांच की मांग की

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के लोहिया नगर, 'सी' ब्लॉक में भूजल प्रदूषण ने एक गंभीर स्वास्थ्य संकट खड़ा कर दिया है। लोहिया नगर 'सी' ब्लॉक कल्याण समिति ने वार्ड-69 के पार्षद को एक पत्र लिखकर दावा किया है कि कॉलोनी में दूषित पानी की सप्लाई के कारण निवासियों में कैंसर समेत पेट संबंधी गंभीर बीमारियाँ तेजी से फैल रही हैं। समिति का आरोप है कि दूषित पानी के चलते कॉलोनी में कई मौतें भी हो चुकी हैं।




कल्याण समिति ने अपने आधिकारिक पत्र में स्पष्ट किया है कि भूमिगत जल इतना दूषित है कि वह पीने योग्य तो दूर, नहाने योग्य भी नहीं है। समिति ने इस गंभीर स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि दूषित जल के कारण नागरिक बीमार पड़ रहे हैं, जिससे उनकी जान को खतरा है।

समिति ने वार्ड-69 के पार्षद से तत्काल हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। पत्र में कहा गया है, आपसे अनुरोध है कि हमारी कॉलोनी के पानी की टेस्टिंग की जानी है, जिसे शीघ्र कराने की कृपा करें। समिति ने मांग की है कि पानी की गुणवत्ता की जाँच जल्द से जल्द कराई जाए, ताकि पानी को शुद्ध करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा सकें और निवासियों के जीवन की रक्षा हो सके।




# क्या इस बार भी आएगी लंबी लिस्ट

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कब क्या हो जाए कहा नहीं जा सकता है। पर पुलिस महकमे में फिर चर्चा शुरू है कि आने वाले कुछ ही दिनों में या दीपावली से पहले या बाद में फिर से एक लिस्ट आ सकती है। इस लिस्ट का ज्यादा असर सिटी वाले जोन और फिर देहात के बाद नदिया पार में देखने को मिलेगा। सूत्रों के बीच चर्चा है कि इस बार सिटी में दो विकेट गिर सकते हैं, जबकि तीन में बदलाव की संभावना बन रही है। इसी के साथ देहात में दो विकेट हिल सकते हैं। तो एक विकेट ट्रांस हिंडन से भी गिरने का अनुमान लगाया जा रहा है। कुल मिलाकर त्यौहारी वाले सीजन में जहां पुलिस कर्मी ड्यूटी को पूरी मेहनत से करने का दावा कर रहे हैं। तो वहीं पुलिस ऑफिस से लेकर कई साहब लोगों के कार्यालय में चर्चा हो रही है कि जल्द ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम की लिस्ट आएगी।




लिस्ट इस बार भी लंबी रह सकती है, इस लिस्ट में आधा दर्जन से अधिक नाम शामिल होने की संभावना बन रही है। बताया जा रहा है कि जिस दिन भी कैंप पर मीटिंग वाला प्लान बन गया उसमें तीन प्रमुख फेस रहेंगे। जो कई लोगों की रेस और केस बिगाड़ सकते हैं। बताया जा रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के बीच चर्चा इस बात की भी सुनाई दे रही है कि जिस तरीके से बीते दिनों एक के बाद एक हाफ एनकाउंटर वाला मामला चला है। उसके बाद कुछ नए बदलाव हो सकते हैं। उधर सिटी जोन में दो प्रभारियों के लिए खतरे की घंटी की जानकारी मिली है। बताया जा रहा है एक के इलाके में लूट और उनका व्यवहार उनको बैकफुट पर ले जा सकता है। पिछली बार वेंटिलेटर पर रखे गए थे, देखना होगा इस बार उन्हें लाइन भेजा जाता है या सीधे आउट किया जाता है। इसके साथ ही अपने एसीपी के दम पर एनकाउंटर की लिस्ट में आगे चलने वाले एक थ्री-स्टार भी खतरे में पढ़ सकते हैं। चर्चा यही नहीं समाप्त है। सुनने में आया है कि इस वाली लिस्ट में महिला मिशन शक्ति के अभियान का भी असर देखने को मिल सकता है। तबादले और बदलाव वाली लिस्ट में एक महिला थ्री-स्टार भी शामिल की जा सकती है। देखना होगा आने वाले दिनों में किसको दीपावली से पहले गिफ्ट मिलता है और किसको लाइन या साइड लाइन शिफ्ट किया जाता है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बदलते मौसम में बदलाव की चर्चा जमकर हो रही है।

# स्वरूप पार्क में मनाई पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि

**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** जीटी रोड स्थित स्वरूप पार्क समाजवादी पार्टी शिविर कार्यालय में समाजवादी पार्टी के संस्थापक और पूर्व रक्षामंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजवादी चिन्तक राम दुलार यादव ने कहा कि नेता जी ने अपने जीवन में सांप्रदायिक और वर्चस्ववादी ताकतों का विरोध किया और देश में समानता, सद्भाव और बंधुता का वातावरण बनाने के लिए काम किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर राम दुलार यादव ने कहा कि नेता जी ने अपने जीवन में पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों और आदिवासियों के लिए काम किया और उन्हें राजनीति में अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राम दुलार यादव ने कहा कि आज समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव नेता जी के पदचिन्हों पर चलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे समाजवादी पार्टी को मजबूत करें और झूठ, लूट और जुमलों से सावधान रहें। कार्यक्रम में राम प्यारे यादव, इंजी0 धीरेन्द्र यादव, मोहम्मद सलाम, अनिल मिश्र, संजीव यादव, डा0 देवकर्ण चौहान, ब्रह्म प्रकाश, सम्राट सिंह यादव, अंकुर यादव एडवोकेट, हुकुम सिंह, राजेन्द्र सिंह, मुनीव यादव, दिलीप यादव, सुभाष, प्रेम चन्द पटेल, राजीव गर्ग, शिवम पाण्डेय, हरिकृष्ण, सुरेश भारद्वाज, रामेश्वर यादव, फूलचंद पटेल, विजय सिंह, एस0 एस0 तिवारी, राजेन्द्र यादव सहित कई लोग शामिल हुए।



# भोजपुर पुलिस ने 6.25 करोड़ के अवैध पटाखे पकड़े, तीन आरोपी गिरफ्तार

## हापुड़ के कारोबारी यहां से चला रहे थे गोदाम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** आगामी त्योहारों से पहले भोजपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना भोजपुरा पुलिस ने छापेमारी कर करीब 3 लाख 44 हजार किलोग्राम अवैध आतिशबाजी बरामद की है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 6.25 करोड़ रुपये बताई जा रही है। मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

यह कार्रवाई एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी व एसीपी मोदीनगर के निर्देशन में की गई। पुलिस टीम ने ग्राम भोपुर स्थित गोल्डन ट्रेडिंग एजेंसी के दो बड़े गोदामों पर छापा मारा, जहां भारी मात्रा में अवैध पटाखों का भंडारण और विक्रय किया जा रहा था। पुलिस ने मौके से सभी पटाखे बरामद कर गोदामों को सील कर दिया।





### इनको किया गया है गिरफ्तार

**करंट क्राइम :** एसओ भोजपुर सचिन ने बताया है कि सौरभ सिंघल, धर्मवीर, अमित निवासी हापुड़ को दबोचा है। पुलिस ने इनसे लगभग 3 लाख 44 हजार किलोग्राम अवैध आतिशबाजी जिसकी अनुमानित बाजार मूल्य6.25 करोड़ बताई जा रही है।

### गाजियाबाद में पटाखे बेंचना और भंडारण है अवैध

**करंट क्राइम :** एसीपी मोदी नगर ने बताया है कि गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा पहले ही 26 अगस्त से 24 अक्टूबर 2025 तक बीएनएसएस की धारा 163 के तहत क्षेत्र में पटाखों के उत्पादन, बिक्री और भंडारण पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बावजूद गोल्डन ट्रेडिंग एजेंसी के मालिक को नोटिस मिलने के बाद भी अवैध कारोबार जारी था।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बेटियाँ वास्तव में अपने परिवार की रानियाँ होती हैं। और यदि परिवार भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का हो, तो वहाँ संस्कार और रिश्तों के मायने कुछ अलग दिखाई देते हैं। प्रिय नवधा का जन्मदिन बड़े धूमधाम और अपार स्नेह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दादू श्री महेश जी ने अपनी प्यारी पोती को उपहार स्वरूप एक सुंदर घड़ी भेंट की। दादू और पोती की यह मनमोहक तस्वीर बनी – करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

